भगवान महावीर जन्म कल्याणक विशेषांक



बीसवीं सदी के प्रथमाचार्य
चारित्र चक्रवर्ती
परम पूज्य आचार्य श्री शांति सागर जी

तीर्थंकर महावीर जन्म कल्याणक हमारी पहचान बने

06

1 दिसम्बर 1895 से प्रकाशित जैन समाज का सर्वाधिक प्रसार संख्या वाला साप्ताहिक

जैन गज़ट

www.Jaingazette.com

वर्ष 30 अंक 23 कुल पृष्ठ 32 लखनऊ, प्रकाशन तिथि- सोमवार 15 अप्रैल 2024, वीर नि. संवत् 2550

Unit : Sri Bharatvarshiya Digamber Jain Mahasabha jaingazette2@gmail.com

प्राचीन जैन मूर्तियों की नीलामी कैसे रोकें

- प्रकाशचंद्र जैन बड़जात्या
महामंत्री- श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महासभा

प्राथमिक मुद्दा यह नहीं है कि प्राचीन जैन मूर्तियों की नीलामी कैसे रोकें? देश में ज्ञात होने पर सरकार को आगाह करके, विरोध करके नीलामी रोकी जा सकती है। मुंबई में हाल में रोकी भी गई पर पेरिस में हो रही है, क्या वह रोक पाए? प्रयास करने में हानि नहीं है, पर विदेशी सरकार भी चोरी और स्वामित्व का प्रमाण मांगेगी।

विगत वर्षों में भी विदेशों में जैन मूर्तियों की नीलामी होती रही है। हम वहां कुछ नहीं कर सके। विदेशी सरकार भी कानून सम्मत प्रमाण होने पर ही दखल देगी। खाली हमारी गुहार ही काफी नहीं है. एक्शन लेने को कानूनी ग्राउंड्स की जरुरत पड़ती है, क्या वह हमारे पास हैं ? असली मुद्दे बुनियादी हैं: 1. क्या प्राचीन मूर्तियों/ऐंटिक उपकरणों, जो मंदिरों-मठों-निजी संकलनों में प्रतिष्ठापित हैं, की सुरक्षा के लिए आवश्यक व्यवस्था है, उनकी सुरक्षा के लिए हमने क्या कदम उठाये हैं ?

2. जहाँ ऐसी दुर्लभ जैन मूर्तियां/एंटिक उपकरण हैं, वहां के ट्रस्टी/पदाधिकारियों /निजी संकलन कर्ता द्वारा देश की अमूल्य धरोहरों को भारी राशि के लालच में चुपचाप बेचने की सम्भावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता, उसके लिए किसी नियंत्रण की क्या व्यवस्था की गई है? प्रभावी उपाय हैं:

मंदिर-मठ, निजी संकलन में जहाँ भी प्राचीन धरोहर हों , उनका फोटो/वीडियो /नापतोल सहित पूरा प्रामाणिक विवरण रखा जाये। हर वर्ष चल अचल असेट का अनिवार्य ऑडिट हो जिससे गुम होने पर समय रहते पता चल सके। क्लोज सर्किट टी वी कैमरा में निगरानी हो। पुलिस एफ आई आर की नौबत आने पर पूरी पैरवी हो।ऑक्शन हाउसेस उन्हें निर्मित तो करते नहीं है, सिर्फ उनकी पहचान मिटाते है तभी साधिकार ऑक्शन करते है। नीलामी स्थगित हो गई पर धरोहर उनके कब्जे में ही रही तब उसे गायब करने से उन्हें कौन रोक सकता है? इसका निवारण है कि प्राचीन मूर्तियों/एंटीक उपकरणों का फोटो/वीडियो /नापतोल एवं पूरा प्रामाणिक विवरण भारत सरकार के अन्सिएंट मोनूमेंट्स एंड एंटीक्वीटीज प्रावधान में रजिस्ट्रेशन किया जाये, जिससे उनका ऑक्शन पर आने पर क्लेम कर उन्हें मूल स्त्रोत पर प्रतिष्ठापित किया जा सके या सरकारी म्यूजियम में संरक्षित किया जा सके। भारत सरकार के आर्चयोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया ने लगभग डेढ़ दशक पूर्व यह देशव्यापी प्रोजेक्ट लाल किला अलग डेडिकेटेड ऑफिस से चलाया भी था। हमनें समाज से रजिस्ट्रेशन कराने का पूरा प्रयास किया भी पर समाज या तो प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाया या कोई रूचि नहीं ली। सुनहरा मौका हमने हाथ से गवां दिया, अब जब बात उछली है तब तो जागरूक हों, रिकॉर्ड में प्रमाण होने पर विदेशों के ऑक्शन हाउसेस से भी क्लेम किया जा सकता है। समाज से अनुरोध है कि इस पर चर्चा करके प्रभावी हल पर अमल करें।

दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी में वार्षिक मेला 2024 के अवसर पर होंगे अनेक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित

राजाबाबू गोधा, संवाददाता

दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी में हर वर्ष महावीर जयंती के पावन अवसर पर आठ दिवसीय विशाल वार्षिक मेला होता है, इस वर्ष वार्षिक मेला 18 अप्रैल 2024 से 25 अप्रैल 2024 तक विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के साथ सम्पन्न होगा। राष्ट्रीय एकता, सांप्रदायिकता सद्भाव, तथा भावनात्मक एकता के प्रतीक इस मेले में दिगंबर जैन व जैनेतर समाज बड़ी संख्या में भक्ति भावना से भाग लेते हैं। कार्यक्रम में दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी के यशस्वी अध्यक्ष श्री सुधांशु कासलीवाल ने बताया कि क्षेत्र पर अनेक श्रद्धालु तो मीलों दूर से कनक दंडवत करते हुए आते हैं और भगवान के समक्ष अपने श्रद्धा सुमन चढ़ाते हैं, कार्यक्रम में मूलनायक भगवान महावीर के दर्शनों के अतिरिक्त अलौकिक मनोज्ञ रत्नों की प्रतिमाओं के दर्शनों का भी श्रद्धालुओं को धर्म लाभ मिलेगा। इस अवसर पर आचार्य श्री एवं मुनि राजों के दर्शनों का भी सौभाग्य प्राप्त होगा। क्षेत्र के अध्यक्ष श्री सुधांशु कासलीवाल, श्री शांति कुमार जैन, श्री चंद्र प्रकाश जैन उपाध्यक्ष, श्री सुभाषचंद जैन मानद मंत्री, श्री उमराव मल संघी, श्री प्रदीप कुमार जैन, संयुक्त मंत्री, श्री विवेक काला कोषाध्यक्ष सहित समस्त कार्यकारिणी की अगुवाई में वर्तमान शासन नायक, अहिंसा धर्म के प्रणेता, विश्व वंदनीय भगवान महावीर स्वामी की 2623 वीं जन्म जयंती पर हर्षोल्लास से अनेक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

अति प्राचीन मनोरथ पूर्ण 1008 श्री मुनिसुव्रतनाथ अतिशय क्षेत्र, प्रभुसर हस्तेड़ा जयपुर



869 साल प्राचीन मूलनायक
श्री मुनिसुव्रतनाथ प्रतिमा

शांतिधारा का प्रसारण

LIVE

आरती : 7:15 - 7:45 AM

शांतिधारा : 8:30 AM

@jainmandirhasteda

नामांकित शांतिधारा पुण्यार्जन के लिए संपर्क करें:

अमित शर्मा (Manager)-9783016885

नामांकित शांतिधारा के लिए किसी भी राशि का आग्रह नहीं है।

हस्तेड़ा जैन मंदिर
दूरी-दिल्ली से 250 किमी.एवं जयपुर से 65 किमी.

संपर्क सूत्रः
नितिन कुमार पाटनी (मंत्री)
9001255955
मनीष जी गंगवाल (कोषाध्यक्ष)
095880-20330

श्री आदिनाथ जिनेन्द्राय नमः
लोगुज्जोयरा धम्म तित्थयरे जिणवरेय अरहंते।
कित्तण केवलिमवे य उत्तमबोहि मम दिसंतु॥



चरित्र चक्रवर्ती
आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज

स्मृति दिवस श्री निर्मलकुमार जैन सेठी

जैन धरोहर दिवस



जगद्गुरु कर्मयोगी स्वस्ति
श्री चारुकीर्ति भट्टारक स्वामी जी

स्व. निर्मल कुमार जैन सेठी
(8 जुलाई, 1938 – 27 अप्रैल, 2021)

अभिनव स्वस्ति
श्री चारुकीर्ति भट्टारक स्वामी जी

मान्यवर
सादर जयजिनेन्द्र,

श्रावकरत्न, कर्मयोगी, देव, शास्त्र और गुरु के अनन्य उपासक, प्राचीन तीर्थ जीर्णोद्धारक श्री निर्मलकुमार जी जैन सेठी की 27 अप्रैल 2024 को तृतीय पुण्यतिथि के अवसर पर सेठी ट्रस्ट और श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महासभा की ओर 27 अप्रैल 2024 दिन शनिवार को श्रवणबेलागोला ओर 28 अप्रैल 2024 दिन रविवार को कर्नाटका की राजधानी बेंगलूरु में उनके कार्यों के पुण्यस्मरण एवं विनयांजलि हेतु समारोह का आयोजन किया जा रहा है। उक्त पावन दिवस पर **'दर्शन एवं साहित्य'** तथा **'कला एवं पुरातत्व'** के क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान करने वाले दो विद्वानों को **'निर्मलकुमार जी सेठी मेमोरियल पुरस्कार'** से सम्मानित किया जाएगा। आप सभी से सादर अनुरोध है कि इस पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें विनयांजलि देने हेतु सपरिवार पधारकर हमें कृतार्थ करें।

कार्यक्रम

प्रथम दिवस

जैन धरोहर दिवस
दिनांक : 27 अप्रैल 2024 शनिवार

मंगल आशीर्वाद
परम पूज्य स्वस्ति श्री अभिनव चारुकीर्ति भट्टारक स्वामी जी

अध्यक्षता
परम पूज्य स्वस्ति श्री भुवनकीर्ति भट्टारक स्वामी जी
कनक गिरी

समय
प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 तक

स्थान
चामुंडराय मण्डप जैन मठ श्रवणबेलगोला

द्वितीय दिवस

जैन धरोहर दिवस
दिनांक : 28 अप्रैल 2024 रविवार

अध्यक्षता
श्रीमान नवीन जैन
माननीय सांसद – राज्यसभा

मुख्य अतिथि
श्रीमान सुरेन्द्र हेगडे

समय
प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 तक

स्थान
आचार्य महाप्रज्ञ चेतना केंद्र बेंगलूरु

कार्यक्रमोपरान्त वात्सल्य भोज स्वीकार करने की कृपा करें।

निवेदक

अखिल भारतीय दिगम्बर जैन संस्थाएं

श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महासभा चैरिटेबल ट्रस्ट दिल्ली, श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महासभा (धर्म संरक्षिणी, तीर्थ संरक्षिणी, श्रुत संवर्धिनी, महिला महासभा, युवा महासभा) दिल्ली, जैन राजनैतिक चेतना मंच–दिल्ली, भगवान महावीर मेमोरियल समिति, दिल्ली, जैन समाज, दिल्ली, समन्वय समिति, दिल्ली, भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी मुंबई, दक्षिण भारत जैन सभा–सांगली भारतवर्षीय दिगम्बर जैन परिषद्–दिल्ली, दिगम्बर जैन महासमिति–दिल्ली, भारतवर्षीय दिगम्बर जैन शास्त्री परिषद, बड़ौत सुंदरी संगीत कला अकादमी–दिल्ली, जीवदया समन्वय समिति (शाकाहार) दिल्ली।

आयोजक
श्री भारतवर्षीय दिगम्बर
जैन महासभा
नई दिल्ली

विनीत
सेठी ट्रस्ट
नई दिल्ली । गुवाहाटी । सिलचर

संयोजक
एस डी जे एम आई मैनेजिंग कमेटी, श्रवणबेलगोला
श्री दिगम्बर जैन समाज,
बेंगलूरू

भगवान महावीर स्वामी के 2623 वें
जन्म कल्याणक पर हार्दिक शुभकामनाओं सहित

SANTOSH JAIN & ASSOCIATEL
SWATI VINIMAY & CONSULTAN PVT. LTD
ANAMICA TRADERS PVT. LTD.
L. N. FINANCE PVT. LTD.

OFFICE
CITY TRADE CENTER,
PNB Building, 4th Floor, A.T. Road, Guwahati-781001
M. : 94350-48488 (O) / 97060-48488 (R) / 99574-97927

सी. ए. (डॉ.) संतोष काला | श्रीमती सरिता काला | संदीप-स्वाति पाटनी | श्रेयांस काला

RESIDENCE : 401/501, Abhinandan Appartment, 4th Floor, H.S.Road, Chhatribari, Guwahati-781008
E-mail : casantoshkala@gmail.com

SHREE COMPLEX & SHREEMAN COMPLEX, P. O. BIJOYNAGAR-781122, DIST-KAMRUP (ASSAM)

अहिंसा सर्वोपरि सिद्धान्त : महासभा द्वारा राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

डॉ. निर्मल कुमार जैन

दिल्ली। भगवान महावीर के 2550वें निर्वाण महोत्सव के उपलक्ष्य में श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महासभा तथा प्राच्यविद्या एवं जैन संस्कृति संरक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में ''वर्तमान को वर्धमान की आवश्यकता है'' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन श्री खंडेलवाल दिगम्बर जैन मंदिर परिसर, राजा बाजार, नई दिल्ली पर दिनाक 7 अप्रैल 2024 को किया गया। संगोष्ठी का शुभारंभ प्रो0 जिनेन्द्र कुमार, प्रो0 सुदीप शुमार जैन, प्रो. अनेकांत जैन, श्री विजय कुमार जैन तथा डॉ. निर्मल कुमार जैन द्वारा चित्र अनावरण तथा दीप प्रज्वलन द्वारा किया गया। संगोष्ठी दो सत्रों का था। संगोष्ठी के प्रथम सत्र में प्रो0 सुदीप कुमार जैन ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान महावीर के उपदेशों को हमें अपने जीवन में अपनाने की आवश्यकता है। उनके जीवन का कोई पक्ष ऐसा नहीं है जिसे हम अपना नहीं सकते। हम लोगों ने भगवान महावीर के जीवन की चर्चा बहुत की है, लेकिन चर्या नहीं की है। हमें खान-पान में जैनत्व को ध्यान रखना चाहिये। प्रतिक्रमण पढ़ने का नहीं बल्कि जीवन में अपनाने का है। प्रो0 सुदीप कुमार ने आगे कहा कि विनय करने से धर्म नहीं होता है। हमें धर्म की आवश्यकता पर चिंतन कर प्रस्तुति करनी चाहिये। ध्यान मुद्रा विशुद्ध रूप से जैन धर्म की विश्व को देन है। भगवान महावीर निर्ग्रन्थ है, ऐसा दिगम्बर और श्वेताम्बर दोनों सम्प्रदाय मानते हैं। अगर हमें महावीर को अपनाना है तो महावीर से समझना होगा, इसे जीवन का लक्ष्य बनाना होगा, चर्या में अपनाना होगा। हमें आयोजन नहीं बल्कि प्रयोजन सफल करना होगा। प्रो0 अनेकांत जैन ने संगोष्ठी को बताया कि भगवान महावीर भूत, भविष्य और वर्तमान तीनों हैं। उनके सिद्धान्तों और उपदेशों को आत्म परिप्रेक्ष्य में अपनाने की आवश्यकता है। महावीर के उपदेशों का असर दूसरे सभी धर्मों पर भी था। इस्लाम धर्म में भी अहिंसा के बारे में बताया गया है। इस्लाम के कलन्दर तबके पर अहिंसा का अत्यधिक प्रभाव था। इस्लाम का एक तबका शाकाहारी था। सूफी सम्प्रदाय पर भगवान महावीर और अहिंसा का प्रभाव था। उन्होंने कहा कि भगवान ऋषभदेव जी विश्व संस्कृति के प्रवर्तक थे। उनकी जयन्ती पूरे देश को जानी चाहिये।

प्रो0 विजय कुमार जैन ने संगोष्ठी को बताया कि युवाओं में शिक्षा के निरुपण हेतु दिवंगत श्री निर्मल कुमार जैन सेठी द्वारा श्रुत संवर्धिनी महासभा की स्थापना की गई थी। उन्होंने बताया कि ईसा पूर्व छठी शताब्दी में विश्व में कई महापुरुषों का आविर्भाव हुआ। श्रमण संस्कृति ने हिंसा और पशु बलि का विरोध किया। श्रमण का मतलब जैन और बौद्ध दोनों होता है। जैन और बौद्ध धर्मावलल्बियों के बीच मन, वचन और काया पर चर्चा होती रहती थी। सर्वज्ञता को लेकर जैन और बौद्ध के बीच संवाद होता था। पर्यावरण की बात तीर्थंकरों ने की। इस तरह जैन परम्परा का भारतीय संस्कृति को अत्यधिक योगदान है। संगोष्ठी के संयोजक डॉ. निर्मल कुमार जैन ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुये कहा कि महासभा के पूर्व अध्यक्ष श्री निर्मल कुमार जैन की परिकल्पना थी कि विद्वानों की संगोष्ठि कर जैन धर्म को लोकप्रिय बनाया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान युवा पीढ़ी को तप, त्याग और संयम को आभूषण बनाना चाहिये। बुरी भावनाओं, बुरे विचारों और बुरे खानपान का त्याग करना चाहिये। तप का महत्व अपनाना चाहिये तथा जीवन में सत्संग करना चाहिये। जैन विश्व भारती, लाडनूं के पूर्व कुलपति डा0 जिनेन्द्र कुमार जैन ने प्रथम सत्र के अध्यक्षीय भाषण में कहा कि भगवान महावीर के सिद्धान्तों में अहिंसा सर्वोपरि है। अहिंसा ही जैन दर्शन का स्तम्भ है। हमें अपने जीवन में महाव्रतों को अपनाना चाहिये। साधन और साध्य को अपनाकर हम लक्ष्य तक पहुंच सकते हैं। इच्छायें अनन्त है। हमें उन्हें एक सीमा में रखना होगा। यही महावीर के उपदेशों की सार्थकता होगी कि हम उन्हें जीवन में पालन करें। संगोष्ठी में महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री गजराज जैन गंगवाल, राष्ट्रीय महामंत्री श्री प्रकाशचन्द जैन बड़जात्या तथा प्रो0 जिनेन्द्र कुमार जैन को साहित्य आराधक की उपाधि से विभूषित किया गया। संगोष्ठी के दूसरे सत्र में विद्वानों ने अनेकांत के महत्व पर प्रकाश डाला। जहां पूरी दुनिया की सुख की सीमा समाप्त होती है, वहीं से महावीर के सिद्धान्त से शुरुआत होती है। श्री विकास चैधरी ने बताया कि जैन धर्म के सिद्धान्त को किसी न किसी रूप में अन्य धर्मों में स्वीकार किया गया है। अपरिग्रह के सिद्धात को मनुष्य को अपनाना चाहिये। सुश्री रुचि जैन ने कहा कि संत कबीर के दोहे पर भगवान महावीर के उपदेशों का असर था। महावीर का समोशरण चलता-फिरता विश्वविद्यालय था। श्री अशोक बड़जात्या जी के अनुसार मृत्योपरान्त जीव का क्या होता है, इसकी विवेचना जैन धर्म करता है। सुश्री नीरजा जैन, सुश्री रीणा जैन तथा सुश्री महक अग्रवाल, सुश्री कल्पना जैन तथा डॉ. आरती जैन ने भी अपना पेपर प्रस्तुत किया। द्वितीय सत्र के अपने अध्यक्षीय भाषण में प्रख्यात विद्वान डा. वीरसागर जैन ने कहा कि वर्तमान में हम लोग वर्धमान से बहुत कुछ सीख सकते हैं। आज मानव समाज को समोशरण की अति आवश्यकता है। आज समाज में समन्वय नहीं है, वात्सल्य नहीं है। इसी कारण असंतोष है। जैन समाज के सम्प्रदायों में एकता अत्यावश्यक है। यदि एकता नहीं हुई तो हम एक दिन लुप्त हो जायेंगे। समाज में मतभेद हों, लेकिन मनभेद नहीं होना चाहिए। हमें किसी का बहिष्कार नहीं करना चाहिये। उन्होंने सम्पूर्ण जैन समाज से एक होने का आह्वान किया। संगोष्ठी का संचालन डा0 वीरचन्द जैन ने किया।

भगवान महावीर स्वामी के 2623 वें जन्म कल्याणक पर हार्दिक शुभकामनाओं सहित

परम पूज्य वात्सल्य वारिधि, जिन धर्म प्रभावक, राष्ट्र गौरव आचार्य श्री
108 वर्धमान सागर जी महाराज एवं समस्त मुनि संघ के चरणों में

शत् शत् नमन, शत् शत् वंदन

नमनकर्ता: राजेन्द्र कुमार जैन/भागचन्द्र जैन एवं समस्त छाबड़ा परिवार
'Manik Ratan Bldg', By lane Kamal Patrol Pump, H. B. Road, Machkhowa, Guwahati - 781009 Cell : 919435111035

Jain Group

निर्मल – पुष्पा बिन्दायका
बगरू निवासी कोलकाता प्रवासी

EVER GREEN
be positive get positive

Evergreen Hosiery Industries Pvt. Ltd.
Corp. Regd. Office : 39, Tara Chand Dutta Street, 2nd Floor
Opp. : Moonlight Cinema, Kolkata - 700 073 (W.B.)
Mobile : 033 4001 0686, 91633 91228, 80131 20773
Email : evergreenhosieryindustries@yahoo.com
Website : www.evergreenhosieryindustries.com

Hello Bebe
LITTLE POPS KIDS WEAR
Young India Fashions
Corp. Off. : 39, Tara Chand Dutta Street, 2nd Floor, Opp. : Moonlight Cinema
Kolkata - 700 073 (W.B.) Mob. : 98300 05085, 98302 75490
Factory : Regent Garments & Apparel Park, Block - 23, 5th Floor, Jessore Road
Near Fortune Township, Dist. - 24 Parganas (N) - 743294, Mob. : 98311 31838

MAHAVEER SAREE
Address : 446, Abhishek Market, Ring Road, Surat, 395002 (Gujrat)
Mobile : 75750 41434

EVERGREEN CREATION
Address : 369, Abhishek Textile Market, Ring Road, Surat, 395002 (Gujrat)
Mobile : 97279 82406, 98280 18707

भगवान महावीर के पूर्व भव

2623वाँ जन्मकल्याणक

दसवाँ पूर्वभव : सिंह का जीव

अरे ! मैं वनराज... ये आकाश-मार्ग से दो मनुष्य कौन आ रहे हैं? अहो... ये तो बिल्कुल नग्न दिगम्बर हैं। अहो! ये मुनिराज मुझ से ही कुछ कह रहे हैं - "अरे वनराज ! तुम हिंसा का महापाप क्यों कर रहे हो? अहा ! धन्य हैं मुनिराज अब, शिकार और हिंसा का तो प्रश्न ही नहीं। चलो ... अब इस पर्याय से सल्लेखना पूर्वक विदा लेता हूँ।

नववाँ पूर्वभव
सौधर्म स्वर्ग में सिंहकेतु देव

अरे! यह मैं कहाँ आ गया? ऐसा दिव्य प्रकाश... ऐसा मंगल उत्सव... ऐसी जय-जयकार - यह सब क्या है? (अवधिज्ञान से जानकर) हाँ, यह प्रथम स्वर्ग है और मैं सिंहकेतु देव। मुझे यहाँ देवपर्याय का संयोग मिला है - यह सब तो उन मुनिवरों के उपकार एवं सम्यक्त्व का ही फल है।

आठवाँ पूर्वभव
विदेह क्षेत्र में कनकध्वज राजा

अब अन्तिम भवों की यात्रा के इस पड़ाव में मैं विदेहक्षेत्र में आ गया। पिताश्री कनकप्रभ ने मेरा नाम कनकध्वज रखा। अरे! यह सुदर्शन वन, यहाँ तो वीतरागी सन्त विराजमान हैं। इनके दर्शन मात्र से अपूर्व प्रसन्नता हो रही है। "हे प्रभो! मुझे भी निर्ग्रन्थ जैनेश्वरी दीक्षा प्रदान कीजिए।"

सातवाँ पूर्वभव
आठवें स्वर्ग में देवानन्द देव

अरे ! पुन: सकल संयम से गिरकर असंयम की ज्वाला में जलने आ गया। वहाँ तो सिर्फ संज्वलन कषाय शेष रह गई थी, परन्तु उसका यह दंड कि चौदह सागर तक प्रत्याख्यान और अप्रत्याख्यान कषाय को भी भोगना पड़ेगा। पता नहीं, मेरे साथी मुझे क्यों 'देवानन्द' कहते हैं। ... शायद वे मुझे देखकर आनन्दित होते हों।

छठवाँ पूर्वभव
उज्जयिनी में हरिषेण राजा

फिर मानो अपूर्ण साधना को पूर्ण करने के लिए नर-देह मिली। मैं वज्रधर राजा का पुत्र 'हरिषेण'। मुनिराज श्रुतसागर से प्रेरित हो पिताश्री मुनिराज हो गए, पर मैं राज्य-वैभव में फँस गया।

पाँचवा पूर्वभव
दसवें महाशुक्र स्वर्ग में देव

एक बार और असंयम की ज्वाला में जलने दसवें स्वर्ग में आ गया। यहाँ इस तृष्णा की ज्वाला में अनन्तानुबन्धी की जलन नहीं है, इसलिए मिथ्यात्व का बन्ध भी नहीं है। आखिर चैतन्य के अतीन्द्रिय आनन्दरस के साथ-साथ विषय-रस का भी ज्ञान करते-करते सोलह सागर बीत गए।

चौथा पूर्वभव
विदेह क्षेत्र में प्रियमित्र चक्रवर्ती

मैं आ गया विदेह क्षेत्र की क्षेमद्युति नगरी में राजा धनंजय के परिवार में पुत्र बनकर। सभी परिजन मुझे प्रियमित्र कहने लगे। मैं राज्य-सुख के राग में उलझा रहा। दर्पण में कान के पास सफेद बाल देखने मात्र से टूट गया और क्षेमंकर जिनेन्द्र की साक्षी में दीक्षित होकर पुन: अपूर्ण आराधना को पूरी करने हेतु निर्जन वन में चला गया, परन्तु वहाँ भी अन्त में साधना-समाधि को पूर्ण न कर सका।

तीसरा पूर्वभव
बारहवें सहस्रार स्वर्ग में सूर्यप्रभ देव

इस बार फिर संज्वलन को परास्त न कर सका, अत: पुन: देवगति के बारहवें स्वर्ग में देव बन गया। हे भगवान ! आखिर चैतन्य की ऐसी विराधना हमसे बार-बार क्यों होती है? इसी उलझन में असंख्य वर्ष बीत गए और यह देवायु भी पूर्ण हो गई।

दूसरा पूर्वभव
भरत क्षेत्र में नन्द राजा

राजा नन्द ने प्रौष्ठिल नाम के श्रुतकेवली मुनिराज से जिनदीक्षा अंगीकार करके वहीं श्रुतकेवली के चरणों में बैठे-बैठे ही सोलह प्रकार ऐसी मंगल भावनायें जागृत की जो कि भव के अंत की सूचक तथा सर्वज्ञपद की पूर्व भूमिकारूप तीर्थंकर प्रकृति के पिंडरूप जगत के उत्तम पुद्गल स्वयमेव परिणमित होने लगे अर्थात् तीर्थंकर प्रकृति बाँधना प्रारंभ किया।

पिछला पूर्वभव
सोलहवें अच्युत स्वर्ग में देव

अब फिर आ गई यह देवपर्याय ..... सोलहवें अच्युत स्वर्ग के पुष्पोत्तर विमान में इन्द्र पद ..... साधना की अपूर्णता का दण्ड, फिर से असंख्यवर्षों तक भोगना पड़ा।

वर्तमान भव : तीर्थंकर महावीर

बालक वर्धमान नाथवंशीय क्षत्रिय राजकुमार थे। उनके पिता का नाम सिद्धार्थ और माता का नाम त्रिशला देवी था। उनका यह अन्तिम जन्म था। इसके बाद तो उन्होंने जन्म-मरण का नाश ही कर दिया। वे वीतराग और सर्वज्ञ बने। जन्म लेना कोई अच्छी बात नहीं है, पर जिस जन्म में जन्म-मरण का नाश कर भगवान बना जा सके, वही जन्म सार्थक है।

उन्होंने शादी ही नहीं की थी। वे आजीवन ब्रह्मचारी रहे।

उन्होंने तीस वर्ष की यौवनावस्था में नग्न दिगम्बर साधु होकर घोर तपश्चरण किया था। लगातार बारह वर्ष की आत्मसाधना के बाद उन्होंने केवलज्ञान की प्राप्ति की थी। लगातार 30 वर्ष तक सारे भारतवर्ष में समवशरण सहित विहार तथा दिव्यध्वनि द्वारा तत्त्व का उपदेश होता रहा। अंत में पावापुर उन्होंने में आत्मध्यान में लीन हो 72 वर्ष की आयु में दीपावली के दिन मुक्ति प्राप्त की।

2623वाँ जन्मकल्याणक

2550वाँ वीर निर्वाण वर्ष

तीर्थंकर महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव की

हार्दिक शुभकामनाएँ

भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव 2550 अहिंसा वर्ष

संजय-रेखा दीवान, तीर्थेश-प्रियंका दीवान, कुमारी मोक्षा जैन दीवान परिवार, सूरत

भगवान महावीर स्वामी अलौकिक महापुरुष थे

-विवेक काला, अंतर्राष्ट्रीय रत्न व्यवसायी

भगवान महावीर स्वामी ने अपने ज्ञान किरणों द्वारा जैन धर्म का प्रवर्तन किया था, इस धर्म के पांच मुख्य सिद्धांत सत्य, अहिंसा, चोरी न करना, आवश्यकता से अधिक संग्रह न करना और जीवन में शुद्धिकरण होना। उनका कहना था कि मनुष्य इन पांचों सिद्धांत पर चलकर मोक्ष या निर्वाण की प्राप्ति कर सकता है। उन्होंने सभी को इस पथ पर चलने का ज्ञानोपदेश दिया था। उन्होंने कहा कि जाति-पाति से कोई श्रेष्ठ या महान नहीं बनता, न ही उसका कोई स्थाई जीवन मूल्य होता, सबकी आत्मा को अपनी आत्मा के समान समझना चाहिए, यही मनुष्यता है।

संयम भगवान महावीर द्वारा प्रदत्त सार और महत्वपूर्ण सूत्र है

- श्रीमती अर्चना जैन (रानी) दुगेरिया सर्राफ अध्यक्षा मुनिपुंगव श्री सुधा सागर बालिका छात्रावास, कोटा

संयम भगवान महावीर द्वारा प्रदत्त सार एवं महत्वपूर्ण सूत्र है। जीवन की जटिलताएं एवं सुविधाओं से राहत पाने का दिशा-दर्शन इसी से प्राप्त होता है। अभाव आदि संभावनाओं का समाधान भी संयम से प्राप्त किया जा सकता है। आज राष्ट्र जिस संकट पूर्ण स्थिति से गुजर रहा है उसके समाधान के लिए सभी देशवासियों के लिए संयम साधना अति आवश्यक है। जो संयम करता है वह अधिक समाधान एवं राहत प्राप्त करता है। आज के युग में सत्ता और तानाशाही का भी बोलबाला है, अतः हम सब सभी संयम से काम लें तो सुख-शांति मिल सकती है।

महावीर स्वामी का संदेश जियो और जीने दो के सामने सारी दुनिया में रह सकता है अमन चैन

- श्रीमती उषा जैन धर्मपत्नी अनिल कुमार जैन, बनेठा वाले, सांगानेर जयपुर

भगवान महावीर एक युग पुरुष, युग द्रष्टा, एक महा मानव थे। विश्व प्रेम ही भगवान महावीर का दिव्य संदेश है, भगवान महावीर का उपदेश था कि पाप से घृणा करो न कि पापी से, भगवान महावीर ने सारी दुनिया को अहिंसा, सत्य, अचौर्य, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह का संदेश दिया था। इस मार्ग पर चलकर मनुष्य मोक्ष की प्राप्ति कर सकता है। भगवान महावीर के सिद्धांत ''जियो और जीने दो'' को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भी अपने जीवन का मूल मंत्र माना था। अतः सारी दुनिया को जियो और जीने दो के संदेश पर रहना चाहिए ताकि दुनिया में अमन चैन बना रहे।



भ. महावीर स्वामी 2623वीं जन्म जयंती पर बधाई एवं मंगलमयी हार्दिक शुभकामनायें

: नमनकर्ता/शुभाकांक्षी :

अजीत पाटनी (CA) अध्यक्ष- नागालैण्ड श्रुत संवर्धिनी महासभा, उपाध्यक्ष- केन्द्रीय श्रुत संवर्धिनी महासभा एवं श्रीमती किरण पाटनी उपाध्यक्ष- केन्द्रीय महिला महासभा एवं श्रेया-प्रणय, हर्षिता-हार्दिक व सर्वज्ञ, डीमापुर

Mob. 09436003237, 9436012880

डोलफिन वाटरप्रुफिंग

एडवांस टेक्नोलॉजी से छत को रखे वाटरप्रूफ, हीटप्रूफ, वेदर प्रूफ पायें सीलन, लीकेज एवं गर्मी से राहत व बिजली के बिल में भारी बचत करें।

छत व दीवारों का बिना तोड़फोड़ के सीलन का निवारण

For Your New & Old Construction

Dr. FIXIT Pidilite WATERPROOFING EXPERT

Rajendra Jain

80036-14691

Dr. Fixit Authorised Project Applicator

DOLPHIN WATERPROOFING

116/183, Agarwal Farm, Mansarovar, Jaipur

भ. महावीर का दिव्य संदेश 'जीओ और जीने दो'

सत्य, अहिंसा, विश्व शांति के अग्रदूत, जन-जन के आराध्य वर्तमान शासन नायक भगवान महावीर स्वामी की चैत्र शुक्ला तेरस दिनांक 21 अप्रैल, 2024 को 2623वीं जन्म जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं

: नमनकर्ता/शुभाकांक्षी :

ATPL ABHINAV TRADEX PVT. LTD.

ABHINAV TRADEX PVT. LTD.

Mfg. of Thermal Paper & Carbonless Paper

Indentors, Importers & Convertors of All Grades of Paper & Board

Indresh Kumar Jain
Director

OFFICE :
5/2389/103, New Mela Ram Market
Chatta Shahji, Chawri Bazar, Delhi-06
M: 7065363080

FACTORY :
23/20, Ambay Garden, Main G.T.
Kamal Road, Libaspur, Delhi-110042

EMAIL : abhinavtradex2001@gmail.com, acctsatpl@gmail.com

WEBSITE : www.abhinavtradex.com

सेवा धर्म समाज की आगम के अनकूल। यह पुनीत उद्देश्य है जैन गजट का मूल।।
जैन गज़ट शिकायत 9415008344 जैन गज़ट

सम्पादकीय

तीर्थंकर महावीर जन्म कल्याणक हमारी पहचान बने



वर्तमान शासन नायक भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव 21 अप्रैल को मनाया जाना है। मैंने बहुत सारी जगह जन्म कल्याणक के जुलूस, शोभायात्रा देखी है। इसमें कोई शक नहीं है कि हम भगवान महावीर की जय-जयकार में अपनी पूरी शक्ति लगाते हैं। लगाना भी चाहिये, कोई हर्ज नहीं है। मुझे मोटिवेशनल स्पीकर शिव खेड़ा का एक सूत्र वाक्य याद आ रहा है ''जीतने वाले कोई अलग कार्य नहीं करते, वे हर कार्य अलग ढंग से करते हैं।'' साथ ही एक वाक्य जैन दर्शन का भी याद आ रहा है कि ''भगवान कोई अलग नहीं है, यदि सही दिशा में पुरूषार्थ किया जाय तो प्रत्येक आत्मा भगवान बन सकता है।'' दोनों सूत्र वाक्य यदि हम समझ जाएं तो दोनों हमारे अनेकांत व स्याद्वाद का प्रतिनिधित्व करते दिखाई देते हैं। एक वाक्य में 'सही ढंग' पर जोर है एक में 'सही दिशा' पर फोकस किया गया है। जैन समाज को आज के दौर में सही ढंग व सही दिशा दोनों की बहुत आवश्यकता है। यदि हम चिंतन करें तो पाते हैं कि भगवान महावीर जन्म कल्याणक के दौरान हमारी भव्यता व प्रभावना के नाम पर जो हो रहा है वह हमारी दिशा को प्रभावित करता है। जैनेत्तर समाज हमारी समाज से प्रेरणा लेता है, यदि यह कहूं कि अन्य मतावलम्बियों ने बहुत सारी बातें हमसे सीखी हैं तो आश्चर्य नहीं है क्योंकि जैन समाज ही जुलूस, शोभायात्रा वर्षों से निकलता आया हो चिंतन के बिन्दु यह है कि -

- जुलूस भव्य हो, साथ ही भावों की भव्यता भी साथ हो।
- अहिंसा धर्म की जय बोलने के साथ हिंसक कार्यों पर प्रतिबंध हो।
- जुलूस में सन्देशों की प्रासंगिकता दिखाई देती चाहिये।
- जुलूस मार्ग में हमारी शान त्याग के माध्यम से हो न कि खान-पान से।
- भोजन में अच्छा बने लेकिन जब मुख्य मार्गों पर जुलूस निकले तो शरबत, रसना, शिंकजी, लस्सी, कोल्डड्रिंक्स आदि पर प्रतिबंध हो।
- जुलूस में केवल पानी मिले जो आवश्यक है वह भी पानी के छन्ने से छना हुआ, जिससे पानी कैसे छानते हैं। इसका सन्देश भी अन्य जनों को मिले।
- सामूहिक भोजन शुद्ध बने, छने पानी का बने, घर के मसालों का बने, घर का आटा पिसा हुआ हो। शुद्धता के साथ बने, यह शुद्धता का स्वाद ही हमारी नई पीढ़ी को शुद्ध भोजन की ओर आकर्षित कर सकता है। इस कार्य में आयोजकों को कष्ट हो सकता है लेकिन कोई असंभव नहीं है हो सकता हो।
- जुलूस में हमारे परिधान हमारी पहचान बने, इस हेतु सामूहिक निर्णय होना चाहिये।
- जुलूस यदि आचार्य, मुनिराज माता जी के सान्निध्य में हो तो उनके आहार की व्यवस्था समयानुकूल हो न कि हमारे जुलूस अनुरूप, उन्हें सम्मान के साथ श्रीजी के रथ के आगे रखें।
- जुलूस में धन का नहीं धर्म का दर्शन हो। इस बात का विशेष ध्यान रखें।
- निकलने वाली झांकियाँ आपस में प्रतियोगी न बने, आपकी सद्भावना के लिए बने। अपनी-अपनी झांकी नहीं हम सबकी झांकी भगवान महावीर की प्रभावना की झांकी हो।
- सामाजिक धन का व्यय मितव्ययिता से हो, अपव्यय न हो शान शौकत के लिए न हो।
- जुलूस निकलने के बाद कचरा बिखरा हुआ न मिले।
- सन्देश लिखी हुई तख्तियाँ, बैनर हो नाम के बैनर न हों।

और भी बहुत सारी बातें हो सकती हैं, हम हमेशा ध्यान रखें। हमें हमारी प्रभावना नहीं जिन धर्म की व उसके मूलभूत सिद्धांत, अहिंसा, दया, करूणा, त्याग, तपस्या, अनेकांत, स्याद्वाद, सत्य, अपरिग्रह, अचौर्य, ब्रह्मचर्य की प्रभावना करती है।

इन सारी बातें करने का उद्देश्य सिर्फ यह है कि भगवान महावीर का 2550वाँ निर्वाण कल्याणक वर्ष के अन्तर्गत यह जन्म कल्याणक वर्ष के अन्तर्गत यह जन्म कल्याणक मना रहे हैं इसलिए इसका महत्व और बढ़ जाता है कि यह आयोजन हमारी विशिष्ट पहचान बनें। यही उद्देश्य है क्षमाभाव सहित।

गुरूमंत्र - सादगी, धैर्य और समानुभूति ये तीनों हमारा सबसे बड़ा खजाना है।

– राजेन्द्र जैन 'महावीर'
सह सम्पादक

मेरे महावीर

- स्वराज जैन
टाइम्स ऑफ इण्डिया

जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर सत्य और अहिंसा के मूर्तिमान प्रतीक थे। उनका जीवन त्याग और तपस्या से ओत-प्रोत था। निडर, सहनशील और अहिंसक होने के कारण उनका नाम महावीर हुआ।

भगवान महावीर का जन्म ईसा पूर्व 599 में बिहार के वैशाली गणतंत्र के क्षत्रिय कुण्डलपुर ग्राम में हुआ था। इनके पिता का नाम सिद्धार्थ तथा माता त्रिशला भी। उनके बचपन का नाम वर्धमान था। वर्धमान का बचपन राजमहल में बीता। वे बड़े निर्भीक थे। जब वे आठ वर्ष के हुये तो उन्हें शिक्षा तथा धनुर्विद्या सीखने हेतु शिल्पशाला भेजा गया। तीस वर्ष अवस्था में वे गृह त्याग कर श्रामणी दीक्षा ली। 12 वर्षों की कठोर मौन तपस्या करने के उपरान्त उन्हें 'केवलज्ञान' प्राप्त हुआ।

ईसा पूर्व छठी शताब्दी में भारत में दो महान विभूतियों का आविर्भाव हुआः भगवान महावीर और भगवान बुद्ध। दोनों ने विश्व को अहिंसा का मार्ग दिखाया। विश्व की सारी समस्यायों का समाधान अहिंसा द्वारा किया जा सकता है, इसका उपदेश दोनों ने दिया। सत्य और अहिंसा के उपासक राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने अहिंसा के द्वारा ही अंग्रेजों की दासता से देश को आजादी दिलाई। भगवान महावीर के उपदेशों की प्रासंगिकता आज सम्पूर्ण मानव जाति को अत्यधिक है। लगभग 2550 साल पहले भगवान महावीर के उपदेश जितने मानव हितकारी थे, आज भी ये उतने ही हितकारी हैं।

भगवान महावीर ने अपने जीवन काल में दिये गये प्रवचनों में अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और उपरिग्रह पर अत्यधिक जोर दिया। त्याग और संयम, प्रेम और करुणा, शील और सदाचार उनके प्रवचनों का सार था। उन्होंने जैन धर्म के पंचशील सिद्धान्त बताये, जो हैं:- अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह।

भगवान महावीर ने अपने धर्म प्रचार काल में जातिवाद का घोर विरोध किया था। उनके धर्म संघ में विभिन्न जातियों का समन्वय था। जातिवाद के बन्धनों को तोड़कर उन्होंने एक महान धर्म क्रान्ति का सूत्रपात किया। अतः वे महान समाज सुधारक थे।

तीर्थंकर महावीर ने कहा कि किसी प्राणी को कष्ट देना हिंसा है। यहां तक कि पेड़-पौधों को भी कष्ट देना हिंसा। उन्होंने ''जीयो और जीने दो'' का संदेश मानव जाति को दिया। आवश्यकता से अधिक भौतिक वस्तुओं को संग्रह नहीं करना चाहिए। उन्होंने अपने उपदेशों में कहा कि संयम ही जीवन है। अत्यधिक भोग का त्याग किया जाना चाहिए। मनुष्य को हमेशा क्षमा और प्रेम का विचार अपनाना चाहिये। इससे जीवन को न केवल सरल किया जा सकता है बल्कि सम्मान से वह सब कुछ पा सकता है।

भगवान महावीर ने 72 वर्ष की आयु में ईसा पूर्व 527 में पावापुरी (बिहार) में कार्तिक मास की अमावास्या को निर्वाण प्राप्त किया। हम सब भाग्यशाली हैं कि भगवान महावीर का 2550वां निर्वाण महोत्सव वर्ष हमारे जीवन काल में आया है। हमें सत्य और अहिंसा के पुजारी भगवान महावीर के उपदेशों को जन-जन तक पहुंचाने कार्य करना चाहिये। वर्तमान को वर्धमान की अत्यधिक आवश्यकता है। भगवान महावीर है 2550वें महोत्सव वर्ष पर मैं उन्हें अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूँ।

कहीं इस बार भी बुद्ध की आड़ में खो न जाएं महावीर

प्रो. अनेकांत कुमार जैन,नई दिल्ली

21 अप्रैल को महावीर जयंती है, पिछले साल कई अखबारों ने महावीर की जगह बुद्ध की फोटो छाप दी थी। यहाँ तक कि सरकारी विज्ञापनों में भी एक तो बधाई आती नहीं है और यदि कोई आई तो उसमें भी बुद्ध छापे गए।

मैं दिल्ली के अहिंसा स्थल के पास से जब भी गुजरता हूँ तो ऑटो टैक्सी वालों से जानबूझ कर पूछता हूँ कि भैया ये किनकी मूर्ति यहाँ लगी हुई है ? तो 99 प्रतिशत उसे बुद्ध बतलाते हैं, जबकि वहां मुख्य द्वार पर भगवान महावीर नाम भी लिखा है।

अब इसमें सारा दोष दूसरों को देने से कुछ नहीं होगा। हमें स्वीकारना होगा कि जहां हमें दिखना चाहिए वहां हम नहीं होते हैं। हमारी शक्ति खुद में ही खुद के प्रचार में लग रही है।

बाहर बुरा हाल है ....इसके लिए हमारी सामाजिक संस्थाएं निम्नलिखित कदम अभी से उठा सकती हैं -

1. सारे मीडिया हाउस को पत्र लिखकर यह अज्ञानता दूर करना और महावीर का वीतरागी वास्तविक चित्र उपलब्ध करवाना।
2. व्यक्तिगत संपर्क से इन विसंगतियों को ठीक करना करवाना।
3. मंत्रालयों के कार्यालय जहाँ से ये बधाइयां और चित्र जारी होते हैं, ट्वीट होते हैं, उन्हें यथार्थ बोध करवाना।
4. जो जैन बंधु विभिन्न राजनैतिक पार्टियों में बड़े छोटे पदों पर हैं, जो जैन बंधु विभिन्न सरकारी विभागों में अधिकारी हैं, उनसे संपर्क करके अभी से प्लानिंग करके स्वतः खुद को बधाइयां दिलवाइये, सही चित्र और मैटर स्वयं उपलब्ध करवाएं।
5. कोई मीडिया अखबार चैनल यदि आपसे विज्ञापन लेता है तो कम से कम उससे यह प्रश्न जरूर करें कि वे जैन धर्म और महावीर पर कितने लेख, कहानी छाप रहे हैं और कितनी देर की डॉक्यूमेंट्री दिखा रहे हैं ? कितनी देर की वार्ता या विशेष साक्षात्कार प्रसारित करते हैं? आपके विज्ञापनों की ये शर्तें भी होनी चाहिए।

अम्बेडकर जयंती तक की उन्हें बहुत चिंता रहती है और महावीर छूट भी जाएं या चूक भी जाएं तो कोई फर्क नहीं पड़ता है।

जैनों को खुद की पहचान सुरक्षित रख पाना भी बहुत मुश्किल हो रहा है, बाद में आलोचना करने से कुछ नहीं होता है।

आचार्य भद्रबाहू सागर जी महाराज की
अनमोल वाणी



परम पूज्य 108 प्रज्ञापुंज धर्म प्रभावक अतिशय योगी आचार्य श्री भद्रबाहूसागरजी महाराज

अपने भीतर शांति प्राप्त हो जाने पर सारा संसार भी शांत दिखाई देने लगता है

-: नमनकर्ता :-

दीपचन्द गंगवाल, बाराबंकी
श्रीमती नीता जैन, बाराबंकी
श्रीमती अनिता जैन, बाराबंकी
श्रीमती आशु जैन, बाराबंकी
मुदित जैन, प्रयागराज
दिलीप जैन, प्रयागराज ...
महेश जैन, बोदेगांव (महा.)
राकेश जैन, परभनी (महा.)
तुषार मनोज कुमार चौबाकर, परभनी महा.
प्रकाशचन्द्र साउजी, अम्बड़ (महा.)
दिलीप दोषी, मुम्बई (महा.)
सुनिल हीराचन्द दोषी, अकलूज (महा.)

परमपूज्य 108 प्रज्ञापुंज धर्म प्रभावक अतिशययोगी आचार्य श्री भद्रबाहूसागरजी महाराज जी के चरणों में शत शत वन्दन

संकलन: R. K. Advertising शेखर पाटनी, राष्ट्रीय संवाददाता जैन गजट
मो - 09667168267 email: rkpatni777@gmail.com

भ. महावीर जयन्ती पर हार्दिक शुभकामनाओं सहित

'शुभाकांक्षी'

आनंद कुमार
रत्नप्रभा सेठी
सिगनेचर स्टेट, 9 फ्लोर, अपोजिट-डी.जी.पी. ऑफिस,
बी. के. काकोसी रोड, गुवाहाटी
(आसाम) 781007
मो. 9435012070

महावीर जयन्ती पर विशेष

युग दृष्टा भगवान महावीर

- श्रीमती उमा मालवीय

नई दिल्ली। भगवान महावीर का जन्म ईसा पूर्व 599 में हुआ था। उनका जीवन और दर्शन तीन सहस्र वर्षों के दीर्घकाल में व्याप्त है। वास्तव में महावीर का व्यक्तित्व काल की सीमाओं में नहीं बांधा जा सकता उनका चिन्तन देश और काल दोनों की परिधि से परे है।

भगवान महावीर ने जिस वर्ग विहीन समाज की परिकल्पना की तथा आर्थिक और राजनैतिक मर्यादाओं के लिए जो दृष्टि प्रदान की, वह मानव सभ्यता के आदि युग से लेकर हजारों-हजार वर्षों के चिन्तन का निष्कर्ष था। महावीर का चिन्तन विश्व मानव समाज के चरितार्थ जो मानव-धर्म हो, प्राणी मात्र का धर्म हो, विश्व धर्म हो।

तीर्थंकर भगवान महावीर के द्वारा प्रचारित उनके सिद्धांतों की आज विश्व के लिए महती आवश्यकता है। उनका प्रमुख सिद्धांत 'अहिंसा', यही एक मात्र ऐसा अस्त्र है जो मानव-समाज के लिए सभी प्रकार के दोष और पाप-कर्म इसी सिद्धांत की परिकल्पना से दूर हो जाते हैं। 'अहिंसा' से ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भारत को आजादी दिलवाई।

भगवान महावीर स्वामी सत्य, अहिंसा और अपरिग्रह के मूर्तिमान प्रतीक थे। 'अहिंसा परमो धर्म के सिद्धांत के साथ उन्होंने संपूर्ण मानवता को एक नई दिशा दी। त्याग, संयम, प्रेम, करुणा और सदाचार उनके प्रवचनों के सार थे। उनकी शिक्षाएं एवं विचार एक समावेशी तथा समता मूलक समाज की स्थापना का मार्ग प्रशस्त करती हैं।

भगवान महावीर ने विश्व शांति के लिए 'जियो और जीने दो का संदेश दिया जो सदैव प्रासंगिक रहेगा। उनके द्वारा प्रतिपादित 'अहिंसा परमो धर्म, अपरिग्रह, सम्यज्ञ ज्ञान, सम्यक दर्शन, सम्यक चारित्र, सत्य अनेकान्त के सिद्धांतों पर अमल करने से सर्व कल्याण हो सकता है। अनेकान्तवाद का सिद्धांत सर्वधर्म समभाव का पर्यायवाची है।

अनादिकाल से चली आ रही तीर्थकर परम्परा में इस युग में चौबीसी की श्रृंखला में भगवान महावीर अन्तिम तीर्थकर हुए जिनके शासन काल में आज हमें इस भारत भूमि की वसुन्धरा पर जन्म लेने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है परन्तु महावीर के शासन काल में जन्म लेने मात्र से आज तक कोई महान नहीं बना। महानता प्राप्त करने के लिए महावीर जैसे महान गुणों को स्वयं में उद्घाटित करने की आवश्यकता है। महावीर को बनाने के साथ, महावीर की मानना आवश्यक है, जिसने महावीर की मानी है, वही महावीर बना है। अपने में भगवान देखना और आत्मा से परमात्मा बनने का धर्म।

भारतीय धर्म-दर्शन के पुरोधा पूर्व राष्ट्रपति महामहिम डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के प्रभावी शब्दों में- मानव जाति के महापुरुषों में से एक हैं 'महावीर उन्हें जिन अर्थात विजेता कहा जाता है। उन्होंने राज्य और साम्राज्य नहीं जीते अपितु आत्मा को जीता है, सो उन्हें 'महावीर' कहा जाता है। सांसारिक युद्धों का नहीं अपितु आत्मिक संग्रामों का महावीर। तप, संयम आत्म शुद्धि और विवेक की अनवरत प्रक्रिया से उन्होंने अपना उत्थान करके दिव्य पुरुष का पद प्राप्त किया। भगवान महावीर ने अपने संदेशों में प्रचारित किया कि सभी जीव बराबर हैं, जो पुरुषार्थ करें, वह भगवान बन सकता है अतः महावीर का धर्म साम्प्रदायिक का नहीं, व्यक्ति का नहीं, यह तो प्राणी मात्र का है।

तीर्थकर भगवान महावीर स्वामी ने विश्व के लिए आत्म विद्या के साथ जो जीवन जीने की कला स्वरूप पांच महत्वपूर्ण सिद्धांत दिए वे सार्वभौमिक हैं। देश के भारतीय संविधान में महावीर स्वामी का चित्रांकन कर उनके बहुमूल्य सर्व कल्याणकारी उपकारों को विश्व स्तरीय दृष्टि से महत्वपूर्ण माना है।

भगवान महावीर का धार्मिक सद्भाव, मैत्री, प्रेम, आत्मीय मिलन, धर्म और धार्मिक संस्कार भावी पीढ़ी को संस्कारों का शंखनाद करेगी।

जैन धर्म के मूल सिद्धांत हैं अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह जो इन सिद्धांतों को अपनाएं वही जैन है।

भगवान ऋषभदेव से महावीर पर्यन्त तीर्थकर धर्म के प्रवर्तक रहे हैं। भगवान महावीर ने अपने तपोमय जीवन से अहिंसा, अपरिग्रह और अनेकान्तवाद सिद्धांत द्वारा विश्व शांति का संदेश दिया जो आज भी पूरी तरह प्रासंगिक है। भगवान महावीर एक क्रांतिकारी युगदृष्टा थे। उन्होंने सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक सभी क्षेत्र में एक क्रांतिकारी जीवन दर्शन का प्ररूपण किया स्वयं राज घराने में जन्म लेकर राजशी ऐश्वर्य का पूर्णतः परित्याग कर संयम, त्याग और तपस्या का जीवन व्यतीत करते हुए व्यक्ति और समाज को विभिन्न आडम्बरों की भूल-भुलैया से निकलकर धर्म और नैतिकता का पाठ पढ़ाया अहिंसा और समता का दिशा निर्देश ही नहीं दिया वरन स्वयं उस मार्ग पर चलते हुए कोटि...कोटि संतृप्त और दिग्भ्रमित मानवों का मार्ग प्रशस्त किया।

महावीर का दृष्टिकोण अत्यन्त व्यापक था। वे प्राणी मात्र के प्रति दया और करुणा रखने के हिमायती थे। उनकी अहिंसा की विवेचना इतनी सूक्ष्म थी कि मनुष्य के मनोभावों तक उनकी पहुंच हो गई। किसी के प्रति कटु वचन या अपशब्दों का प्रयोग करना जिससे उसके हृदय को किंचित मात्र भी आघात पहुंचा हो, महावीर की विवेचना के अनुसार हिंसा है। ऐसी प्रत्येक प्रकार की हिंसा का निषेध, महावीर ने किया। यह निषेध केवल उनकी वाणी तक ही सीमित नहीं था अपितु उसे उन्होंने अपने आचरण में उतारा और व्यवहार में प्रयोग कर जीवन में आत्म सात किया। महावीर के उपदेश सामान्य एवं परोपदेश मात्र की दृष्टि से नहीं थे, उनमें परहित एवं समाज सुधार की भावना निहित थी, उन्होंने अपने उपदेशों और सिद्धांतों को किसी धर्म विशेष की सीमा तक आबद्ध या सीमित नहीं किया। वे जो कुछ भी कहते थे वह मानव मात्र के लिए परहित की भावना से प्रेरित हुआ करता था यही कारण है कि उनके उपदेश समाज के हित और उपयोग की दृष्टि से आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने उस समय थे। समता भाव, जीवन मूल्यों का प्रतिपादन, सरलता व सहजता उनके उपदेशों की विशेषता थी। बिना भेदभाव के राग द्वेष रहित वचनों के द्वारा सीधी सच्ची बात कहना उनके उपदेशों का आधार था। उनकी बात लोगों के दिलों तक पहुंचती थी और वे उसी सहजता से हृदयंगम करते थे। महावीर ने आचरण की शुद्धता पर विशेष बल दिया। उनका संदेश था वही करो जो कहते और सोचते हो। मन, वचन और काय के व्यापार में समान्तर आवश्यक है। सात्विक जीवन के लिए मन, वचन और शरीर की शुद्धता आवश्यक है यदि इनमें एकता या एक रूपता स्थापित नहीं हो सकी तो जीवन की सार्थकता ही समाप्त हो जायेगी। जिस प्रकार हम सुखी रहने और जीने की आकांक्षा रखते हैं उसी प्रकार अन्य प्राणियों को भी जीने के लिए उतनी ही अनुकूलता और अवसर मिलना चाहिए जितना हम अपने जीवन के लिए चाहते हैं - यह महावीर का उद्घोष था और स्वस्थ समाज के निर्माण हेतु रचनात्मक भूमिका थी। उन्होंने सामाजिक विषमता दूर करने के लिए प्राणियों के उन्मुक्त जीवन एवं स्वच्छन्द विचरण को सर्वाधिक महत्व दिया यही भावना उनकी अहिंसा का मूल हैं। अहिंसा मनुष्य को कायर नहीं वीर बनाती है, इसलिए वीरता की क्षमता से परिपूर्ण वे 'महावीर' बने।

भगवान महावीर ने इन्द्रियों, वासना और इन्द्रिय जनित विकारों को जीतकर अपने आप पर विजय प्राप्त की, अपनी आत्मा को विकास के चरमोत्कर्ष पर पहुंचाया और आत्म साक्षात्कार किया। अपनी इच्छाओं को जीतने एवं विकारों पर विजय प्राप्त करने के कारण वे 'जिन' कहलाएं। जिन के द्वारा प्रतिपादित मार्ग का अनुशरण करने वाले 'जैन' कहलाएं इस प्रकार महावीर ने स्वयं तथा उनके द्वारा उपदेशित मार्ग सार्वजनीन था। काल और सम्प्रदाय की मर्यादा से वे परे थे। प्राणी कल्याण की भावना उनमें निहित थी अतः उनके उपदेशों की प्रासंगिकता आज भी उतनी ही है जितनी उस समय थी। वर्तमान कालीन सामाजिक विषमता के सन्दर्भ पर महावीर का आदर्श एवं उनके द्वारा प्रतिपादित मार्ग सर्वदा उपादेय एवं अनुकरणीय हैं।

महावीर की अहिंसा कोई नारा नहीं है और न ही कोई धर्मान्धता है। अहिंसा न परिभाषा की वस्तु है और न ही कोई पंथ है। उसे हम न वाद कह सकते हैं और न ही महज विचार मान सकते हैं। अहिंसा तो एक जीवन है, मनुष्य के जीवन की एक तर्ज है जिसे केवल जीकर पहचानी जा सकती है... समझी जा सकती है। वे अहिंसा के महान शिल्पी थे। जिन पापों पर अहिंसा टिक सकती है उसे उन्होंने अनुभूत किया और अपनी विराट विरासत में अहिंसा को सहअस्तित्व, अनेकान्त और अपरिग्रह का सिद्धान्त सौंप दिए। भगवान महावीर के सिद्धांत शाश्वत हैं और शाश्वत रहेंगे। महावीर के उपदेशों की आवश्यकता, उपयोगिता जितनी उनके जीवनकाल में थी, उससे भी अधिक वर्तमान में हैं। महावीर के उपदेशों को जब तक हम अपने आन्तरिक जीवन में नहीं उतारेंगे तथा उनको प्रचारित नहीं करेंगे तब तक हमारा न उद्धार होगा और न परिवार, समाज, राष्ट्र व विश्व का होगा।

भगवान महावीर की दिव्य देशना को अपने अन्तःस्थल में उतारने का सद् प्रयास करना होगा तब हम सब सभी भगवान महावीर के सच्चे अनुयायी बनेंगे और उनकी वाणी को अपने कार्यों एवं व्यवहार से जन-जन तक पहुंचायेंगे तब आने वाली युवा पीढ़ी को प्रेरित करेंगे, यही भगवान महावीर के प्रति हमारी सच्ची आस्था और विनायांजलि होगी।

हमारे पूर्वज श्रवण संस्कृति के प्रति कितने श्रद्धावान थे जिन्होंने अनेक विपरीत परिस्थियों के पश्चात भी इन जिनबिम्बों का निर्माण करवा जैनत्व की पहचान को अक्षुण्ण बनाए रखने में अपना महान अविस्मरणीय योगदान दिया। काल के क्रूर चक्र ने मुस्लिम आक्रान्ताओं के हाथों से जिनबिम्बों का भंजन कर जैन संस्कृति को नष्ट करने का असफल प्रयास किया। इस अमूल्य विरासत के संरक्षण के प्रति हमारी बढ़ती उदासीनता और उपेक्षा चिन्ता का विषय है। श्रमण संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन में हम और आप सभी मिलकर ऐसा सार्थक प्रयास करें जिससे हमारी जैन संस्कृति की पहचान अक्षुण्ण बनी रहे और जैन संस्कृति के प्रति हम गौरवान्वित हो सके। अहिंसा को अब नारों या जयकारों तक ही सीमित नहीं रखना है उसके जय घोष को प्रत्येक व्यक्तियों के जीवन तक पहुंचाना है। आगम के द्वारा जो संदेश दिया गया, हम उसका अनुशरण करें, हम उस दिशा में पुरुषार्थ करते हुए आगे बढ़े, निश्चित ही हम अपने जीवन को एक सार्थक उपलब्धि देंगे। यदि हमें भी कुछ बनना है तो जीने का अंदाज बदलना होगा और वह भी कल नहीं आज ही बदलना होगा।

आवश्यकता है अपनी संस्कृति को जीवन्त रखने हेतु दृढ़ संकल्प एवं समर्पण की। समन्वय करके चलना समय की मांग है। सोचना विश्व स्तर पर चाहिए और करना अपने देश की धरोहर, संस्कृति के अनुसार चाहिए।

(लेखिका श्रीमती उमा मालवीय, नई दिल्ली (संपादक पूर्व केन्द्रीय मंत्री राष्ट्रीय श्रम आयोग के अध्यक्ष, भारतीय संविधान निर्मात्री सभा के सदस्य जैन समाज गौरव श्री रतनलाल मालवीय की पुत्रवधु प्रख्यात समाज सेविका हैं)

भ. महावीर जयन्ती पर हार्दिक शुभकामनाओं सहित

सुरेश कुमार-ललिता देवी बाकलीवाल,
अमित कुमार- स्नेहा देवी बाकलीवाल
कैयरा, जेस्वी, शारव बाकलीवाल

सुरेश कुमार जैन एण्ड कंपनी

तरूण राम फुकन रोड, फैन्सी बाजार, गुवाहाटी-781001

राजकीय अतिथि आचार्य श्री प्रमुख सागर जी महाराज के अनमोल सूत्र

शत् शत्
नमन वंदन

शांति का चुम्बक बन जाईए ताकि आप अपनी ओर आकर्षित होने वाली अशांत आत्माओं को शांति प्रदान कर सकें

प्रभावना दिवाकर, श्रमण धर्म प्रभाकर, करूणा सागर, अहिंसा तीर्थ-प्रणेता, राष्ट्रसन्त, पंजाब श्रावक उद्धारक, सरलमना, ग्राम मन्दिर उद्धारक, इटावा गौरव, संस्कार प्रणेता, गुण-गौरव शिरोमणि, पुरूषार्थ के पुरूषोत्तम, श्रमण-गौरव, राजकीय अतिथि, राष्ट्रसन्त, बालयोगी के चरणों में शत-शत नमन

-: नमनकर्ता :-

श्रीमती प्रभा सेठी, गुवाहाटी
श्रीमती रिंकी सेठी, विजयनगर
श्रीमती सोनल पाटनी, कोलकाता
श्रीमती शिम्पल सेठी, आठगांव, गुवाहाटी
श्रीमती चन्द्रा बड़जात्या, गुवाहाटी
श्रीमती रूपा रारा, गुवाहाटी

सुभाष चूड़ीवाल, दिसपुर, गुवाहाटी
राजकुमार टोंग्या, रेहाबाड़ी, गुवाहाटी
विनोद कुमार गंगवाल, छत्रीबाड़ी, गुवाहाटी
पूर्वोत्तर प्रदेशीय दिगम्बर जैन महिला संगठन, गुवाहाटी
श्रीमती हेमा पाटनी, पान बाजार, गुवाहाटी
श्रीमती कुसुम बड़जात्या, गुवाहाटी

राजकीय अतिथि आचार्य श्री प्रमुख सागर जी महाराज दिसपुर में विराजमान हैं।

संकलनः R. K. Advertising शेखर पाटनी, राष्ट्रीय संवाददाता जैन गजट
मो - 09667168267 email: rkpatni777@gmail.com

करूणामयी शिक्षा के जनक : आत्मजयी तीर्थंकर

-अजित जैन "जलज", राष्ट्रीय प्रचारक- करूणा अन्तर्राष्ट्रीय, टीकमगढ़

पूरी धरती को ही अपना कुटुम्ब मानने वाली भारतीय संस्कृति को असंख्य वैदिक श्रमण ऋषि मुनियों ने अपने ज्ञान एवं आचरण से पल्लवित एवं पुष्पित किया है। पाश्चात्य संस्कृति उपभोगवाद के सिद्धान्त पर काम करती है जहाँ पर प्रकृति के सभी अंग पर्वत, पानी, पेड़, पशु, पक्षी मनुष्य मात्र के उपयोग/उपभोग के लिये ही मान लिये गये हैं जबकि भारतीय संस्कृति प्रकृति के प्रति कृतज्ञ होकर परोपकार, सहयोग एवं त्याग की भावना को समेटे हुये हैं।

भारतीय संस्कृति के स्वर्णकाल में वैदिक, श्रमण परंपराओं के सुमेल से सत्य, अहिंसा और धर्म का जबर्दस्त बोलबाला था। वैदिक परम्परा में शिथिलता आने पर श्रमण परंपरा के अंतिम तीर्थंकर महावीर ने अपनी जिन परम्परा का सुविकसित स्वरूप स्वयं जीकर दिखा दिया। श्रमण जैन परम्परा व्यक्ति पूजा के बजाय गुणों की उपासक रही है। जिसने स्वयं को जीत लिया, वही जिनेन्द्र है। जो जिनेन्द्र तीर्थंकरों के बताये मार्ग पर चलता है, वही जैन है।

महावीर स्वामी कहते हैं –

धम्मो मंगल मुक्किट्ठं,
अहिंसा संजमो तवो।
देवा वि तं नमंसति,
जस्स धम्मे सया मणो।।

धर्म उत्कृष्ट मंगल है। अहिंसा, संयम और तप उसके लक्षण हैं। जिसका मन सदा धर्म में रमा रहता है, उसे देव भी नमस्कार करते हैं।

अहिंसा एवं अनेकांत की शिक्षा – जीव मात्र की व्यथा को आत्मसात कर लेने के बाद, सबके मंगलमय जीवन के लिये, सर्वकालिक, सर्वभौमिक सत्य की करूणामयी शिक्षा देने वाले आत्मविजेता ही तीर्थंकर कहलाते हैं। तीर्थंकर महावीर ने अहिंसा को सर्वोच्च स्थान दिया। हिंसा नहीं करने का भाव करूणा के विकास के साथ जुड़ा हुआ है। हिंसा- विरोधी/विपक्षी के प्रति हीनता/उपेक्षा के भाव से शुरू होती है। दूसरे प्राणियों को भी अपने प्राण उतने ही प्यारे हैं जितने कि हमको, ऐसी समानुभूति होते ही जीवदया आत्मदया बन जाती है।

वीर वचनों को सुनकर उस समय के धुरंधर महामनीषी महावीर स्वामी से बहस करने लगे। महावीर स्वामी ने सभी पक्षों को सुना और स्वीकार भी कर लिया और फिर क्या **कमाल कहा –**

तम्हा सव्वे वि णया,
मिच्छादिट्ठी सपक्ख पडिबद्धा।
अन्नोन्नणिस्सिया उण,
हवंति सम्मत्त सब्भावा ।।

अपने-अपने पक्ष का आग्रह रखने वाले सभी नय मिथ्या हैं और परस्पर सापेक्ष होने पर वे ही सम्यक्भाव को प्राप्त हो जाते हैं।

इस अद्‌भुत स्याद्वाद को अनेकांत के नाम से विरले विद्वान जान एवं समझ पाये हैं। सभी पंथों, परम्पराओं का सुन्दर समन्वय करने वाले इस सापेक्षवाद में विपक्ष के पक्ष को भी पर्याप्त स्थान मिलता है। विपक्षी/विराधी के प्रति घृणा/हीनता के स्थान पर उसकी परिस्थितियों के प्रति सदाशयता रखकर ही सामंजस्य/विकास का रास्ता बनाया जा सकता है। आधुनिक युग में राजनीति में अहिंसा और अनेकांत का सुन्दर उपयोग कर महात्मा गांधी ने महावीर के विचारों को ही विश्व व्यापी स्वरूप प्रदान किया है।

परिग्रह परिमाण/अपरिग्रह की आवश्यकता - अहिंसक भाव भूमि के लिये विनम्रता अति आवश्यक है। **महावीर ने कहा –**

विणओ सासणे मूलं,
विणीओ संजओ भवे।
विणयाओ विप्पमुक्कस्स,
कओ धम्मो कओ तवो।।

विनय जिनशासन का मूल है। संयम तथा तप से विनीत बनना चाहिए। जो विनय से रहित है, उसका कैसा धर्म और कैसा तप ?

आचार में अहिंसा, विचार में अनेकांत तभी पनप सकते हैं जब जीवन में अपरिग्रह आना आरंभ हो। वर्तमान के चरम उपभोगवादी युग का एकदम उलट 'अपरिग्रही जीवन' है जो कि आज की धधकती धरती को शान्त करने का एक मात्र उपाय है।

धन संपदा की प्रचुरता सुख नहीं देगी, तप त्याग की भावना ही आत्म संतोष देगी। अपना सारा राजपाट छोड़कर नग्न अवस्था में वर्षों प्रकृति के सहज सान्निध्य में अपने आत्मा के गुणों को चरम पर लाकर परमात्मा बने प्रभु ने फरमाया -

सव्वगंथ विमुक्को,
सीईभूओ पसंतचित्तो अ।
जं पावइ मुत्तिसु हं न
चक्कवट्टी वि तं लहइ।।

सम्पूर्ण ग्रन्थ परिग्रह से मुक्त, शीतीभूत, प्रसन्नचित्त श्रमण जैसा मुक्ति सुख पाता है, वैसा सुख चक्रवर्ती को भी नहीं मिलता है। व्यष्टि शुद्धि से समष्टिशुद्धि का अपूर्व आदर्श देने वाले श्रमण साधकों ने न्यूनतम उपभोग से अधिकतम आनंद प्राप्ति का सरल सा सूत्र दिया है। परंतु आज के युग में सरल होना और सरल कहना ही सबसे कठिन हो गया है। परंतु हम अपने उपभोग की वस्तुओं को धीरे-धीरे कम करके त्याग करने के बाद सुख भोगने के वैदिक सूत्र -तेन त्येक्तेन भुंजीथा - का छोटा सा प्रयोग तो अपने जीवन में कर ही सकते हैं।

विज्ञान के युग में प्रयोगों द्वारा सिद्ध सिद्धांत ही नियम बनते हैं। महावीर ने जो कहा, जीकर दिखाया। उनके बाद, उनको हजारों सालों से जिसने जितना जाना, परखा, जिया उसे उतना ही सुख, आनंद मिलता रहा।

करूणामयी शिक्षा की आवश्यकता – आज थोपे गये, इकतरफा ज्ञान का भयंकर आक्रमण चल रहा है। बच्चों से बचपन छीनकर दिलो दिमाग में संवेदनहीनता का पाठ पढ़ाया जा रहा है। जिंदगी की दौड़ में लोग प्रदर्शन और तुलना में अपना और अपने बच्चों का भविष्य दांव पर लगा रहे हैं। कुछ देर ठहर कर अपने जीवन को देखने परखने का अगर समय मिल सके; इसे जिन परम्परा में प्रतिक्रमण नाम दिया गया है तो पता चले कि हम अपने बच्चों को क्या सिखा रहे हैं? अगर बच्चों को ज्ञानार्जन में आनंद नहीं आ पा रहा है, शिक्षक को सीखने में संतोष नहीं मिल पा रहा है तो दिमाग पर बोझ बढ़ाने से कोई लाभ मिलने वाला नहीं है।

ज्ञानार्जन आनंद यात्रा है, आत्मा का विकास है, सुख की तलाश है। अपने और अपने बच्चों के सुखद भविष्य के लिये, हरी भरी धरती को बनाने और बचाने के लिये हमें एक बार फिर अपनी जड़ों की ओर लौटना ही होगा। मशीनी विकास कलयुग के चरम आभासी विश्व की ओर जा रहा है जहाँ बनावटी बुद्धिमत्ता हम सबको निगल सकती है। आइये एक बार फिर हम अपने आनंददायी, करूणामयी शिक्षा शास्त्र से अहिंसा, अनेकांत, अपरिग्रह का परम सत्य प्राप्त करें। बढ़ती क्रूरता संवेदनहीनता, भौतिकता विश्वव्यापी समस्यायें हैं और इनका सच्चा समाधान अपनी भारतीय संस्कृति ही दे सकती है। आइये एक कदम आगे बढ़ायें, जीवन को सुरभित चंदन बनायें।

पावनता के पथ पर रखिये
अपना पहला पग।
पहला पग ना रूके कभी
तो झुक जायेगा जग।।

भ. महावीर स्वामी की 2623वीं जन्म जयंती पर बधाई एवं मंगलमयी हार्दिक शुभकामनायें

-: नमनकर्ता/शुभाकांक्षी :-

रमेश कुमार-गुणमाला,
अभिषेक-रिषिका, आशीष-स्वाति, अर्हम, सर्वज्ञ,
अनिश्का काला, हैदराबाद

Jawarilal Ramesh Kumar Kala, Hydrabad

भ. महावीर स्वामी की 2623वीं जन्म जयंती पर बधाई एवं मंगलमयी हार्दिक शुभकामनायें

-: नमनकर्ता/शुभाकांक्षी :-

हंसमुख जैन गांधी
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महासभा
राष्ट्रीय मंत्री- भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थक्षेत्र कमेटी
202, समवशरण अपार्टमेन्ट
16/1, साउथ तुकोगंज
इंदौर (म.प्र.) 452001
मो. 9302103513

मौन से मस्तिष्क को आराम मिलता है और इसका अर्थ है शरीर को आराम मिलना

अंतर्मना आचार्य प्रसन्न सागर जी

शत् शत् नमन्
शत् शत् वंदन
महाराज जी धर्मनाथ भवन, जिला बेलगांव (कर्नाटक) में विराजमान हैं।

प्रेरणा

चन्द्र प्रकाश बैद
मदनगंज-किशनगढ़

भारत गौरव, साधना महोदधि, तपाचर्य, तप शिरोमणी, युवा तपस्वी सिंह निष्क्रीड़ित व्रत की मौन पूर्वक साधना करने वाले दिगंबरत्व संत समाज के एक मात्र संत, अंतर्मना आचार्य प्रसन्न सागर जी गुरूदेव के चरणों में शत शत नमन, वंदन, अर्चन

-: नमनकर्ता :-

राजेन्द्र कटारिया
अहमदाबाद

चन्दू काला
जे. के. मसाला

मुकेश जैन
पूर्व संघपति (चेन्नई)

दिलीप जैन हुमड
संघपति, बड़ौदा गुजरात

विज्ञापन प्रेषक : R.K.Advertising मदनगंज किशनगढ़ द्वारा-शेखरचन्द पाटनी, जैन गजट राष्ट्रीय संवाददाता, मो. 09667168267 rkpatin777@gmail.com

सत्य, अहिंसा, अचैर्य, अपरिग्रह,
ब्रह्मचर्य को अपनाना है,
अशांति को भगाकर
शांति को पाना है,
तीर्थकर महावीर पांच
महाव्रत धारी है,
उनके सिद्धांत विश्व कल्याणकारी है,
त्याग, तपस्या, योग साधना
आत्म कल्याणकारी है,
ऐसे तीर्थकर महावीर को
शत शत नमन हमारी है।

भगवान महावीर

महेन्द्र कुमार जैन, जयपुर (राज.)

जैन ग्रन्थों के अनुसार समय-समय पर धर्म की प्रभावना के लिए तीर्थंकरों का जन्म होता है, जो सभी जीव के कल्याण व आत्मिक सुख प्राप्ति का उपाय बताते हैं।

भगवान महावीर के जन्म से पहले देश का वातावरण पीड़ित, संत्रस्त था, दीन, दुर्बल दुखी थे, ऊंच नीच की भावनाएं जोर पर थी, शुद्रों से पशु जैसा व्यवहार होता था, स्त्रियां अधिकतर सताई जाती थीं, उन्हें उचित मानवीय अधिकार प्राप्त नहीं थे, यज्ञों में पशुओं की बलि दी जाती थी, हिंसा का जोर था, पीड़ित मानवता त्राहि-त्राहि कर रही थी।

